**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 27.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने घुसपैठ की जांच के लिए बनी केंद्रीय कमिटी का किया समर्थन, प्रधानमंत्री के बारह वर्षों के कार्यकाल को बताया अतुलनीय और ऐतिहासिक।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मैराथन समीक्षा बैठक का सिलसिला जारी, आज ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के कामकाज का लेंगे लेखा–जोखा।**
3. **राज्य में ईबोला को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, रिम्स में विशेष वार्ड तैयार, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने दिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश।**
4. **राजधानी रांची समेत कई जिलों में आज और कल आंधी–बारिश का औरेंज अलर्ट, साठ किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगी हवाएं।**
5. **जमशेदपुर की टीएसएएफ क्लाइम्बिंग अकादमी का नीलगिरि स्पीड कप में शानदार प्रदर्शन, दो स्वर्ण सहित छह पदक जीते।**

***************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जनसंख्या बदलाव की जांच के लिए बनी केंद्र की हाई–लेवल कमिटी की तारीफ की है। उन्होंने इसे देश के हित में बड़ा कदम बताया। गिरिडीह में हमारे संवाददाता से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारह वर्षों के कार्यकाल को अतुलनीय और ऐतिहासिक बताया।

***************

गिरिडीह के मधुवन में बीजेपी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ है। इसमें शामिल होने पहुंची केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की उपलब्धियां और राज्य सरकार की नाकामियां जनता तक पहुंचाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने पानी–बिजली के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरा।

***************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में घुसपैठ की जांच के लिए केंद्र की हाई–लेवल कमिटी का स्वागत किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि संताल परगना में आदिवासी आबादी कम होना चिंताजनक है। उन्होंने इस समिति के गठन को राज्य की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों सिलसिलेवार तरीके से विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर रहे हैं। आज मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के कामकाज का लेखा–जोखा लेंगे। इस बैठक में गांवों की सड़कों, मनरेगा और पंचायत स्तर की योजनाओं की प्रगति जांची जाएगी। इससे पहले कल शिक्षा और बाल विकास विभाग की समीक्षा हुई थी। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में विकास योजनाओं को तेजी से लागू किया जाएगा ताकि जनता को सीधा लाभ मिले।

***************

केंद्र सरकार के बाद अब झारखंड का स्वास्थ्य विभाग भी ईबोला वायरस को लेकर अलर्ट हो गया है। रांची के रिम्स और सदर अस्पताल में इसके इलाज के लिए खास तैयारियां की गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा है कि सरकार राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर है। रिम्स में संदिग्ध मरीजों के इलाज के लिए विशेष वार्ड और जरूरी दवाओं का पूरा इंतजाम सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे रांची में राज्य मंत्रिपरिषद की अहम बैठक होगी। इस बैठक में सरकार के कई बड़े और महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। कयास लगाए जा रहे हैं कि बैठक में युवाओं और जनहित से जुड़े कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

***************

रांची के सीनियर एसपी ने ग्रामीण एसपी और डीएसपी के साथ बैठक की। बैठक में अपराध नियंत्रण और बकरीद त्योहार की तैयारियों पर चर्चा हुई। सीनियर एसपी ने थानों में रुके हुए मामलों को तुरंत निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही त्योहार के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के कड़े आदेश दिए गए।

***************

केंद्र में मोदी सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर महिला सशक्तीकरण की योजनाओं के अच्छे नतीजे दिख रहे हैं। गोड्डा जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से गरीब महिलाओं को लकड़ी के धुएं और बीमारियों से मुक्ति मिली है। गैस चूल्हा मिलने से महिलाओं का स्वास्थ्य सुधरा है और समय की बचत हो रही है।

***************

जनता दल यूनाइटेड ने झारखंड में दो हजार उनतीस के विधानसभा चुनाव की तैयारियां अभी से ही शुरु कर दी है। इस सिलसिले में जमशेदपुर में कोल्हान स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो और विधायक सरयू राय ने बताया कि सम्मेलन में संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई।

***************

रांची में सड़कों पर अड्डाबाजी और नशा करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर सदर एसडीओ कुमार रजत ने लोवाडीह से दुर्गा सोरेन चौक तक जांच अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर जुटे युवकों को कड़ी चेतावनी दी गई। प्रशासन ने कहा है कि ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

***************

सरायकेला के मशहूर छऊ गुरु तपन कुमार पटनायक को बड़ी सांस्कृतिक जिम्मेदारी मिली है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने उन्हें ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का सदस्य बनाया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। इस उपलब्धि से राज्य के कला जगत में खुशी का माहौल है।

***************

मौसम विभाग ने रांची समेत झारखंड के कई जिलों में आज और कल आंधी–पानी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। रांची में उनतीस मई से तापमान में कमी आएगी। इससे पहले कल गढ़वा चौवालिस डिग्री पारे के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा।

***************

जमशेदपुर की टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन क्लाइम्बिंग अकादमी ने आईएमएफ नीलगिरि स्पीड क्लाइम्बिंग कप में शानदार प्रदर्शन किया है। अकादमी के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण समेत कुल छह पदक जीते हैं। अंडर–सत्रह में सुदर्शन मुर्मू और अंडर–तेरह वर्ग में नीरज महतो ने सोने का तमगा हासिल किया।

***************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्र सरकार द्वारा घुसपैठ और आबादी में बदलाव की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित करने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर के शब्द हैं**–धार्मिक स्तर पर जनसंख्या का संतुलन क्यों बिगड़ा, जांचेगी हाई लेवल कमिटी।

**हिन्दुस्तान ने** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है–सीएम एक्सीलेंस स्कूल की संख्या 5000 करें।

**प्रभात खबर के** अनुसार–खूंटी के जोबे से निकल कर भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम में पहुंचे निखिल बारला।

**दैनिक जागरण लिखता है**–कल बकरीद, 131 ईदगाहों व मस्जिदों में होगी नमाज।

*************************